# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–27 मई 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के अन्तिम चरण के लिए प्रदेश में प्रचार तेज। प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने मिर्जापुर, घोसी और बांसगांव संसदीय क्षेत्रों में की जनसभा। बलिया में हुयी सपा प्रमुख अखिलेश यादव की रैली।
- अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि परिसर स्थित कुबेर टीले पर लगाये जायेंगे रामायणकालीन पौधे। राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान के शोध के बाद उद्यान विभाग ने की तैयारी।
- पुलिस भर्ती परीक्षा में धांधली कराने वाले गिरोह के दो अभियुक्त गिरफ्तार। दोनों पर घोषित था पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये का ईनाम।
- प्रदेश में लू और तेज गर्मी का सिलसिला जारी। कई जिलों में तापमान बयालीस डिग्री से ऊपर।

**********

लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के लिए प्रदेश में प्रचार चरम पर है। विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार कर रहे हैं। इसी क्रम में प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने कल मिर्ज़ापुर, घोसी और बांसगांव संसदीय क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। श्री मोदी ने कहा कि देश समझ गया है कि इंडी गठबंधन सांप्रदायिक और जातिवादी है। इंडी गठबंधन पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि इस गठबंधन ने कश्मीर में धारा–370 को वापस लाने के इरादे की घोषणा की है, जो एक ऐसा कदम है, जिससे आतंकवाद को फिर से बढ़ावा मिल सकता है और पाकिस्तान का मनोबल बढ़ सकता है। उन्होंने दावा किया कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लोग वोट बैंक के लिए समर्पित हैं, जबकि भाजपा सरकार देश के गरीबों, दलितों और पिछड़ों के लिए समर्पित है। उन्होंने वादा किया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी और अन्य वंचित समूहों के लिए आरक्षण धर्म के आधार पर मुसलमानों को नहीं दिया जाएगा। समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए श्री मोदी ने कहा कि समाजवादी पार्टी को कानून व्यवस्था में विश्वास नहीं है।

सपा सरकार माफियाओं को वोट बैंक के तौर पर देखती थी लेकिन योगी सरकार में माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई हो रही है। श्री मोदी ने कहा कि देश ने तीसरी बार एनडीए की सरकार बनाने का फैसला कर लिया है।

***भारत ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का मन क्यों बनाया, इसका सीधा–सीधा कारण है– नेक नियत, नेक नीतियां और नेशन फर्स्ट। मेरा देश सबसे ऊपर राष्ट्र निष्ठा इसलिये देश ने तय किया कि मजबूत देश के लिए प्रधानमंत्री भी मजबूत होना चाहिए, तभी एनडीए को इतना भारी जनादेश मिल रहा है।***

मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ ने कल मिर्ज़ापुर, चंदौली, ग़ाज़ीपुर और गोरखपुर में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया। श्री योगी ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत देख रहे हैं। जो वैश्विक शक्ति बनने की ओर अग्रसर है। बीते दस वर्षों में देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कल वाराणसी में एक सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी की कोशिश कर रही है।

उधर, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कल सलेमपुर और बलिया में राजनीतिक सभाओं को संबोधित किया। सपा प्रमुख ने कहा कि आज लोग बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से परेशान हैं।

भाजपा का किसानों की आय दोगुनी करने का वादा झूठा साबित हुआ है। उन्होंने वादा किया कि इंडिया गठबंधन सत्ता में आने के बाद सभी किसानों का कर्ज माफ करेगा।

***इंडिया गठबंधन समाजवादी पार्टी ने तय किया है कि जिस तरीके से बीजेपी ने बड़े–बड़े उद्योगपति बड़े–बड़े कारोबारियों को जो कर्ज माफ किया है, अभी तक 25 लाख करोड़ से ज्यादा कर्ज माफ कर चुके हैं, हम अपने किसान भाइयों को गरीब भाइयों को भरोसा दिलाकर जा रहे हैं इंडिया गठबंधन की चार जून के बाद सरकार बनेगी, हमारे किसानों को कर्ज माफ होगा, न केवल कर्ज माफ होगा उसके साथ–साथ हमारे किसानों की फसल और पैदावार के लिए भी कानूनी अधिकार एमएसपी का खरीदने का बनाने का काम करेंगे।***

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा ने कल वाराणसी में प्रेसवार्ता में कहा कि देश में बदलाव की एक हवा चल रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर किसानों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया। सातवें चरण के चुनाव में प्रदेश के तेरह संसदीय क्षेत्रों–महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चन्दौली, वाराणसी, मिर्जापुर और राबर्ट्सगंज में एक जून को मतदान होगा।

**********

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि परिसर स्थित कुबेर टीले पर उद्यान विभाग रामायण कालीन पौधे लगायेगा। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने यह जानकारी देते हुये बताया कि रामायण में जिन पौधों का उल्लेख है, उस पर राष्ट्रीय वनस्पति

अनुसंधान संस्थान लखनऊ शोध कर चुका है। रामायण में उल्लेख किये गये एक सौ पचास पौधों में कुछ का चयन करके उन्हें लगाया जायेगा। कल राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक में शामिल होने पहुंचे निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि प्रयास किया जा रहा है कि राम मंदिर के साथ–साथ परिसर में बन रहे अन्य मंदिरों का काम जल्द पूरा हो जाए। उसके बाद श्रद्धालु आसानी से दर्शन कर सकेंगे। उम्मीद है कि सितंबर महीने तक सात मंदिरों का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि शेषावतार मंदिर भी जल्द बनकर पूरा हो जाएगा। कुबेर टीले का कार्य लगभग पूरा हो गया है।

**********

उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स, एसटीएफ ने पुलिस भर्ती परीक्षा में धांधली करने वाले सॉल्वर गैंग के दो और अभियुक्तों को हाथरस से गिरफ्तार किया है। इन दोनों पर पच्चीस–पच्चीस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान अलीगढ़ के बिट्टू शर्मा उर्फ विनोद कुमार शर्मा और बुलंदशहर के कुशलपाल उर्फ राजा उर्फ राजेश के रूप में हुयी। एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश के मुताबिक सॉल्वर गैंग के खिलाफ सत्रह फरवरी को मुकदमा दर्ज कराया गया था। मामले में तीन अभियुक्तों को पहले ही गिरफ्तार कर के जेल भेजा जा चुका है।

**********

एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के मतदान से पहले आज शाम वाराणसी के रुद्राक्ष अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में संतों और बुद्धिजीवियों का एक सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसमें अखिल भारतीय संत समिति, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद, श्रीकाशी विद्वत्परिषद, श्री गंगाहसभा और भारत संस्कृति न्यास की सहभागिता है। सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य भी शामिल होंगे।

**********

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना से ही विश्व का कल्याण हो सकता हैं। विदेश मंत्री कल वाराणसी में पूर्वांचल स्कूल्स वेलफेयर एसोशिएशन के तत्वावधान में आयोजित एक सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे थे। सम्मेलन में "शिक्षा के साथ सशक्तीकरण" विषय पर बोलते हुये विदेश मंत्री ने कहा कि जब हम देश में शिक्षा पर बात करते है तो मुख्य केन्द्र टेक्नालॉजी होता है।

**********

धर्म की नगरी मथुरा के प्रमुख स्थलों में राधारानी की जन्मस्थली बरसाना की काफी ख्याति है। मथुरा–वृंदावन आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक बरसाना भी जरूर जाते हैं। अब यहां आने वाले श्रद्धालुओं को रोप वे की सवारी करने की सुविधा मिलने लगेगी। करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह रोप वे आगामी पन्द्रह जून से शुरू हो जाएगा।

**********

प्रदेश में लू और तेज गर्मी का सिलसिला लगातार बना हुआ है। अधिकतर जिलों में तापमान बयालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है। कल आगरा में सर्वाधिक पैंतालीस दशमलव दो डिग्री सैल्सियस तापमान दर्ज किया गया। गोरखपुर में दिन का तापमान जहां लगातार चालीस डिग्री से ऊपर बना हुआ है तो वहीं, एक दिन पहले रात का न्यूनतम तापमान तीस डिग्री से अधिक रिकॉर्ड किया गया। यह उन्तालीस साल का सर्वाधिक न्यूनतम तापमान है। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिये पश्चिमी उत्तर प्रदेश समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों के लिये लू का रेड एलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, हमीरपुर और झांसी समेत आसपास के इलाकों में लू चलने की आशंका है। विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले तीन दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोत्तरी हो सकती है।

**********